# रामनगरी को 16 हजार करोड़ की योजनाओं का उपहार देंगे पीएम

## योगी बोले- प्रधानमंत्री मोदी के कल आगमन से अयोध्या में शुरू होगा विकास का नया युग

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' को प्रारंभ करने वाला साबित होगा। इस अवसर पर देश को एक नया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मिलने के साथ अयोध्या को 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री मोदी अपने इस दौरे में एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे स्टेशन व रेलवे लाइन दोहरीकरण के साथ कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को देंगे। इनमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खासतौर से फोकस होगा। चार प्रमुख पथों का भी लोकार्पण होगा। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों की कुछ परियोजनाएं भी शामिल की गई हैं।

मोदी के अयोध्या दौरे को योगी ने 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही, दयाशंकर सिंह, अयोध्या के महापौर सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था के निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान पूरी अयोध्या राममय नजर आए। मठ-मंदिरों को सजाया जाए। भव्य तोरणद्वार तैयार बनाए जाएं। सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए अयोध्यावासी व साधु-संतों को यथोचित स्थान दें। रोड शो के रूट में पड़ने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहें।



### नया हवाई अड्डा महर्षि वाल्मीकि के नाम पर होगा

**अयोध्या।** शहर के नए हवाई अड्डे का नाम रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के नाम करने की तैयारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार इसका नाम महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम होगा। इस अत्याधुनिक हवाईअड्डे का पहला चरण 1450 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। एजेंसी




प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर सजा-धजा लता मंगेशकर चौक। -एजेंसी

### दो अमृत भारत व छह वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री शनिवार की सुबह अयोध्या में छह वंदे भारत व दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें से अयोध्या-आनंद बिहार वंदे भारत व दिल्ली-दरभंगा अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से व अन्य को वर्चुअल माध्यम से रवाना करेंगे। पीएम अयोध्या धाम स्टेशन पर तैयार नए भवन का लोकार्पण भी करेंगे।

### रामलला को दर्पण में उनकी दिव्य झलक दिखाएंगे मोदी

रामलला की अचल मूर्ति बनकर तैयार है। प्राण प्रतिष्ठा के समय 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की आंखों से जिस समय पट्टी हटाई जाएगी, उस वक्त गर्भगृह में प्रधानमंत्री मोदी मौजूद रहेंगे। मोदी रामलला को पहली बार दर्पण में उनकी दिव्य झलक दिखाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह का पर्दा बंद रहता है। पट्टी हटाने के बाद मूर्ति को दर्पण दिखाने का विधान है, जिससे कि सबसे पहले खुद भगवान अपना चेहरा देख सकें। इस विधान का निर्वहन पीएम मोदी करेंगे। रामलला की पहली आरती भी पीएम उतारेंगे।


>> दुधवा, कतर्निया घाट व चूका के बीच हेलीकॉप्टर सेवा : पेज 3 >> राम मंदिर में आरती के लिए बुकिंग शुरू : पेज 4 >> कल अयोध्या का रास्ता बंद : माईसिटी